संकलनात्मक परीक्षा-I (कक्षा-आठवीं) 9/2014

विषय : हिन्दी

समय : 3 घंटे

पूर्णांक : 80

(खण्ड -'क')

प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के काम करते हैं। सड़क पर ठेला लगानेवाला, दूधवाला, नगर निगम का सफाईकर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं और कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी अधिकारी के कार्य से अति निम्नस्तर का माना जाता है किंतु यदि यही वह अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और श्रेष्ठ सेवाएँ प्रदान करता है तो उसका कार्य उस अधिकारी के कार्य से कहीं बेहतर है जो अपने काम में लापरवाही दिखाता है तथा अपनी जिम्मेदारी नहीं समझता। क्या आप ऐसे व्यक्ति को एक आदर्श अधिकारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्त्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव अर्थात् कार्य कितनी ईमानदारी से किया जाता है। इस संदर्भ में गांधी जी से अच्छा उदाहरण और किसका दिया जा सकता है, जिन्होंने हर कार्य को गरिमामय मानते हुए किया। वे अपने सहयोगियों को श्रम की गरिमा की सीख दिया करते थे। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय लोगों के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने सफाई जैसे कार्य को भी कभी नीचा नहीं समझा।

(क) किन स्थितियों में माली के कार्य को अधिकारी के कार्य से बेहतर कहा जा सकता है? (1)

(ख) किसी कार्य के लिए महत्त्वपूर्ण क्या है? (1)

(ग) गांधी जी अपना हर कार्य कैसे करते थे? (1)

(घ) गांधी जी अपने सहयोगियों को क्या सीख देते थे? (1)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए? (1)

प्र2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपर्वूक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

देश हमें देता है सब कुछ,<br>
हम भी तो कुछ देना सीखें।

सूरज हमें रोशनी देता,
हवा नया जीवन देती है,
भूख मिटाने को हम सबको,
धरती पर होती खेती है।
औरों का भी हित हो जिसमें,
हम ऐसा कुछ करना सीखें।
पथिकों को जलती दुपहर में,
पेड़ सदा देते हैं छाया।
खुशबू भरे फूल देते हैं,
हमको नव फूलों की माला,
जो अनपढ़ हैं, उन्हें पढ़ाएँ,
जो चुप हैं, उनको वाणी दें,
जो पिछड़ा है, उसे बढ़ाएँ,
प्यासी मिट्टी को पानी दें।
हम मेहनत के दीप जलाकर,
नया उजाला करना सीखें।

(क) नया उजाला करने से कवि का क्या आशय है? (1)

(ख) हम किस-किस से देना सीख सकते हैं? (1)

(ग) वृक्ष हमें किस प्रकार सुख पहुँचाते हैं? (1)

(घ) पिछड़े लोगों के प्रति मनुष्य का क्या कर्त्तव्य है? (1)

(ङ) कवि ने औरों के हित के लिए कौन-कौन से कार्य करने की प्रेरणा दी है? (1)

### (खण्ड - 'ख')

प्र3. (क) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द छाँटकर भेद लिखिए : (2)

(i) उसकी सादगी देखने लायक है।

(ii) आजकल सोना खरीदना भी आसान नहीं है।

(ख) निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए : (1)

मंदिर में <u>सेवक</u> अपना काम कर रहा था।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में कारक-चिह्न रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) राम कंम्प्यूटर पर काम कर रहा है।

(ii) मोहन के पिताजी बीमार हैं।

प्र4. (क) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग व प्रत्यय अलग कीजिए : (2)

असामाजिक, स्वतन्त्रता

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम रेखांकित कर भेद बताइए : (2)

(i) कौन विद्यालय जाएगा?

(ii) रमा बच्चों के लिए कुछ लाई है।

(ग) निम्न शब्दों से विशेषण बनाइए : इतिहास, आदर (1)

प्र5. (क) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : कृष्ण, घर (2)

(ख) विलोम शब्द लिखिए : अंधेरा, नवीन (1)

(ग) निम्न शब्द का इस प्रकार अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए कि उसके दो भिन्न अर्थ स्पष्ट हो जाएँ : जड़ (2)

(खण्ड - 'ग')

प्र8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वह पुलकनि, वह उठि मिलनि, वह आदर की बात।
वह पठवनि गोपाल की, कछू न जानी जात।
घर-घर कर ओड़त फिरे, तनक दही के काज।
कहा भयो जो अब भयो, हरि को राज-समाज।
हौं आवत नाहीं हुतौ, वाही पठयो ठेलि।
अब कहिहौं समुझाय कै, बहु धन धरौ सकेलि।

(क) सुदामा श्रीकृष्ण के किस व्यवहार से नाराज़ थे? (2)

(ख) श्रीकृष्ण के बचपन की कौन-सी बातें सुदामा याद करते हैं? (2)

(ग) काव्यांश के कवि एवं भाषा का नाम बताइए। (1)

प्र7. (क) 'ध्वनि' कविता का मूल-भाव अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ख) साखियों के आधार पर कबीर की भाषागत विशेषताएँ बताइए। (2)

प्र8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1992 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बाद अब यह ज़िला कभी भी पहले जैसा नहीं हो सकता। हैंडल पर झंडियाँ लगाए, घंटियाँ बजाते हुए साइकिल पर सवार 1500 महिलाओं ने पुडुकोट्टई में तूफ़ान ला दिया। महिलाओं की साइकिल चलाने की इस तैयारी ने यहाँ रहने वालों को हक्का-बक्का कर दिया। इस सारे मामले पर पुरुषों की क्या राय थी? इसके पक्ष में 'आर. साइकिल्स' के मालिक को तो रहना ही था। इस अकेले डीलर के यहाँ लेडीज़ साइकिल की बिक्री में साल भर के अंदर काफी वृद्धि हुई।

(क) पुड्डुकोट्टई में महिला दिवस कैसे मनाया गया? (2)

(ख) आर. साइकिल्स का मालिक महिलाओं के पक्ष में क्यों था? (1)

प्र9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए : (3x2=6)

(क) यात्रा के दौरान लेखक किसे अपना दुश्मन समझ रहे थे और क्यों? पाठ 'बस की यात्रा' के आधार पर बताइए।

(ख) मशीनी युग आने के कारण बदलू का जीवन बदल गया था। कैसे? पाठ 'लाख की चूड़ियाँ' के आधार पर बताइए।

प्र10. (क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ बताइए : (2)

सतर्कता, इत्तफ़ाक, सर्वाधिक, विश्वसनीय

(ख) निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : (2)

अनुभव, बलिदान

प्र11. भारतीय संस्कृति में अतिथि को देवता के समान माना जाता है। पाठ 'लाख की चूड़ियाँ' में बदलू लेखक की खातिरदारी कैसे करता था। आप अपने घर आए मेहमानों का स्वागत सत्कार किस प्रकार करते हैं? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए। (3)

अथवा

कबीर की साखियों में आपने पढ़ा कि कड़वे शब्दों के प्रयोग से दूसरों पर बुरा प्रभाव पड़ता है? आप अपने मित्रों के साथ कैसा व्यवहार करेंगे, जिससे आपकी छवि अच्छी बनी रहे?

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2X3=6)

(क) मामाजी की गाड़ी का हॉर्न बजने से आसपास के परिवेश में क्या-क्या प्रतिक्रियाएँ हुई? कहानी 'अनोखा हॉर्न' के आधार पर बताइए।

(ख) गुलाम कौन था? मामाजी ने उसे अपना गुरु क्यों बनाया?

(ग) फोटो खींचते समय मामाजी की वेशभूषा कैसी थी? कहानी 'फोटोग्राफी की धुन' के आधार पर बताइए।

प्र13. कहानी 'अनोखा हॉर्न' के आधार पर बताइए कि मामाजी की गाड़ी जब 'नो हॉर्न जोन' में गई तो उनके साथ क्या हुआ? क्या आप यातायात के नियमों का पालन करते हैं? हमारे लिए इन नियमों का पालन करना क्यों आवश्यक है? (4)

अथवा

'फ़ोटोग्राफी की धुन' पाठ में मामाजी कई लोगों की तस्वीरें खींचकर अपना शौक पूरा करते थे। आपको भी कोई न कोई शौक अवश्य होगा। अपने अनुभव के आधार पर बताइए कि क्या कभी आपका शौक भी परेशानी का कारण बना है?

(खण्ड - 'घ')

प्र14. [illegible]य का महत्त्व बताते हुए माँ एवं पुत्र के बीच संवाद लिखिए। (4)

प्र15. गर्मी में तरो-ताजा रहने के लिए किसी शरबत हेतु सुंदर व आकर्षक विज्ञापन बनाइए। (3)

प्र16. नीचे दिए चित्र को देखकर 25-30 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (3)




प्र17. लोकसभा चुनाव के दौरान आपके मोहल्ले के घरों की बाहरी दीवारें नारे लिखने और पोस्टर चिपकाने से गंदी हो गई हैं। यह पूर्णतया सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का उल्लंघन है। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए दैनिक जागरण के संपादक को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

आपके माता-पिता ने आपको जन्मदिन पर कैमरा उपहार में दिया है। आपने उस कैमरे का प्रयोग करते हुए जो रोमांचक अनुभव प्राप्त किए उन्हें अपने मित्र के साथ बाँटते हुए पत्र लिखिए।

प्र18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए : (6)

(क) जहाँ चाह वहाँ राह

(ख) विद्यार्थियों पर इंटरनेट का प्रभाव

(ग) मेरी अविस्मरणीय बस यात्रा